हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, बुधवार 25 फरवरी 2026

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

**11** सर्कल कबड्डी से भक्ति संध्या तक आस्था से सराबोर ...



**12** सेक्टर-3 की सड़क अधूरी, चार महीने से बिखरी ...



## शहर में आज

- बाबा मस्तनाथ मेले का आज अंतिम दिन विशाल कुश्ती का आयोजन सुबह 10 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- निगम का स्वच्छता अभियान सुबह 11 बजे
- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2026 पर एमडीयू में कार्यक्रम आज

## खबर संक्षेप

### एमडीयू ने कई परीक्षाओं के परिणाम जारी किए

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी ने सितम्बर-दिसंबर 2025 में आयोजित बी टेक आठवें सेमेस्टर की री अपीयर, पीजी डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट तथा पीजी डिप्लोमा इन रिमोट सेंसिंग एंड जीआईएस के दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विवि वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### 70 हजार की ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने ट्रांसपोर्ट सेवा के नाम पर 70 हजार रुपये से



अधिक की ठगी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी की पहचान अनुज पुत्र तिलकराज निवासी उत्तर प्रदेश के रुप में हुई है। 29 जनवरी को मनीष ने गूगल पर यूपी के भदोही में सामान डिलीवर करने के लिए ट्रक की तलाश 2800 रुपये प्रति टन के हिसाब से सौदा तय हुआ। भुगतान में गलती हो गई है और 35,250 रुपये दोबारा भेजने को कहा। कुल मिलाकर उससे 70,250 रुपये की ठगी की गई।

**चार दिन बाद सुलझी मिस्ट्री : शुक्रवार को खेड़ी साध के पास से प्रॉपर्टी डीलर को किया था अगवा**

# हत्या कर जेएलएन नहर में फेंका था सत्यवान का शव, दो गिरफ्तार

**गाड़ी के पास मिले थे खून के धब्बे और गोलियों के 20 खोल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गांव खेड़ी साध में प्रॉपर्टी डीलर सत्यवान की हत्या के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। 20 फरवरी को उसकी कार खरावड़ गांव में लावारिस हालत में खड़ी मिली थी। कार के आसपास खून बिखरा पड़ा था और मौके से करीब 20 गोलियों के खोल बरामद हुए थे। हालांकि उस दिन सत्यवान का कोई सुराग नहीं मिला था। चार दिन की तलाश के बाद 24 फरवरी को उसका शव जेएलएन नहर से बरामद कर लिया गया। वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**आरोपियों में बापोड़ा का मनजीत उर्फ माफिया व भाली गांव का मनीष शामिल**

**कुछ लोग दहशत फैलाने के लिए ले रहे थे काला राठी गैंग का नाम**



रोहतक। शव की जांच करते एसपी व अन्य पुलिस अधिकारी।



पकड़े गए आरोपित सीआई की टीम के साथ।

### पुलिस ने गैंग लिंक से किया इनकार

हाल ही में सोशल मीडिया पर इस हत्या को लेकर कुछ पोस्ट वायरल हुई थीं, जिनमें एक गैंग से संबंध होने का दावा किया गया था। एसपी ने स्पष्ट किया कि इस मामले का किसी गैंग से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि कुछ लोग दहशत फैलाने के उद्देश्य से भ्रामक जानकारी फैला रहे हैं।

### एसआईटी जांच के बाद मामले का खुलासा

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एसआईटी टीम का गठन किया। जांच के दौरान दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। भिवानी के बापोड़ा गांव निवासी मंजीत उर्फ माफिया और भाली गांव निवासी मनीष। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पांच अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने हत्या की वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर ही नहर से शव बरामद किया गया।

### कोर्ट जाने के लिए निकला पर वापस घर नहीं आया

पुलिस जांच में सामने आया कि 20 फरवरी की सुबह सत्यवान अपने भाई को खरखौदा छोड़ने गया था। इसके बाद वह कोर्ट जाने की बात कहकर निकला, लेकिन वापस घर नहीं लौटा। उसी दिन दोपहर बाद खरावड़ गांव में उसकी कार खड़ी मिली। कार पर कई गोलियों के निशान थे, जिससे साफ था कि उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। परिवार ने उसी दिन अनहोनी की आशंका जताई थी।

### 2017 की हत्या से जुड़ा है विवाद

सत्यवान का नाम वर्ष 2017 में हुए एक हत्याकांड में भी सामने आया था। खेड़ी साध गांव निवासी धर्मेंद्र की 31 दिसंबर 2017 की रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एफआईआर के अनुसार, धर्मेंद्र ने सत्यवान पर झूठा मुकदमा दर्ज कराने का आरोप लगाया था। विवाद बढ़ने पर गोली चलने की घटना हुई, जिसमें धर्मेंद्र की मौत हो गई। इस मामले में सत्यवान गिरफ्तार हुआ था और बाद में जमानत पर बाहर आया।

### सत्यवान की पत्नी ने दर्ज कराया था छेड़छाड़ का केस

जानकारी के मुताबिक, धर्मेंद्र के खिलाफ सत्यवान की पत्नी ने छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया था। इसी मुद्दे को लेकर दोनों पक्षों में तनाव लगातार बढ़ता गया। धर्मेंद्र का कहना था कि उस पर झूठा केस किया गया है। इसी विवाद ने रंजिश का रूप ले लिया और 2017 की घटना हुई। पुलिस का मानना है कि उसी दुश्मनी की कड़ी आगे बढ़ती रही और अंततः सत्यवान की हत्या की साजिश रची गई।

### पुरानी दुश्मनी बनी हत्या की वजह: एसपी



यह हत्या पुरानी रंजिश का परिणाम है। सत्यवान पहले से ही एक हत्या के मामले में आरोपी था और जमानत पर बाहर आया हुआ था। वर्ष 2018 में दर्ज उस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में लंबित है। पुलिस के अनुसार, पुरानी दुश्मनी के चलते आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया।
-सुरेंद्र भौरिया, एसपी

# 28 को 9 घंटे का ब्लॉक 13 ट्रेनें रद्द, 5 शॉर्ट टर्मिनेट

**रोडवेज पर बढ़ेगा हजारों यात्रियों का दबाव, बस स्टैंड पर उमड़ सकती है भारी भीड़**

**दिल्ली-जींद रेल सेक्शन ब्रिज 55 पर आरसीसी स्लैब लॉन्चिंग की जाएगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

28 फरवरी को दिल्ली-जींद रेल सेक्शन पर ब्रिज नंबर 55 पर आरसीसी स्लैब लॉन्चिंग के लिए 9 घंटे का ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जाएगा। उत्तर रेलवे द्वारा सुबह 10:25 बजे से शाम 7:25 बजे तक लगाए जा रहे इस ब्लॉक के कारण 13 ट्रेनें रद्द रहेंगी और पांच ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा। रेल संचालन प्रभावित होने का सीधा असर अब हरियाणा रोडवेज पर पड़ना तय माना जा रहा है। रेलवे प्रशासन के इस निर्णय से दिल्ली, जींद, भिवानी और नरवाना रूट के हजारों दैनिक यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। रोजाना रोहतक से बड़ी संख्या में विद्यार्थी, कर्मचारी और व्यापारी दिल्ली की ओर सफर करते हैं। इसके अलावा जींद और भिवानी की तरफ भी बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनों पर निर्भर रहते हैं।

### लंबा इंतजार और अव्यवस्था की आशंका

रेल सेवाएं बाधित होने के कारण अचानक बढ़ने वाली भीड़ से अव्यवस्था की स्थिति बन सकती है। खासकर दिल्ली रूट पर सबसे ज्यादा दबाव रहने की संभावना है। यदि रोडवेज ने पूर्व तैयारी नहीं की तो यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ सकता है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि क्या हरियाणा रोडवेज हजारों अतिरिक्त यात्रियों का बोझ संभाल पाएगा या फिर यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ेगी।

### बढ़ सकती है दिक्कत

ऐसे में ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों के पास रोडवेज बसों का सहारा लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। रेल ब्लॉक के चलते पूरा दबाव अब रोहतक बस स्टैंड पर देखने को मिल सकता है। सुबह और शाम के पीक आवर में बसों में पहले ही भारी भीड़ रहती है। यदि एक ही दिन में हजारों अतिरिक्त यात्री बसों की ओर रुख करते हैं तो रोडवेज के लिए स्थिति संभालना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यात्रियों का कहना है कि यदि अतिरिक्त बसों की व्यवस्था नहीं की गई तो बस स्टैंड पर लंबी कतारें लग सकती हैं।

### अतिरिक्त बसें चलाने की मांग

स्थानीय लोगों और दैनिक यात्रियों ने प्रशासन से मांग की है कि 28 फरवरी को दिल्ली, जींद और भिवानी रूट पर अतिरिक्त बसें चलाई जाएं। साथ ही बसों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि यात्रियों को राहत मिल सके। ब्रिज निर्माण कार्य भविष्य की सुरक्षित रेल सेवा के लिए जरूरी है, लेकिन फिलहाल इस ब्लॉक का सबसे बड़ा असर रोडवेज पर देखने को मिलेगा।

# बोर्ड परीक्षाएं आज से, 45 केंद्र बनाए

**निषेधाज्ञा लागू, नकल करने अथवा करवाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



बुधवार से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षाओं को लेकर प्रशासन ने मंगलवार को तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया। जिला में कुल 45 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। परीक्षाएं दोपहर 12:30 बजे से 3:30 बजे तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रभावी निगरानी व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई हैं। एक मीटिंग में डीसी ने दो टूक शब्दों में कहा है कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की आगामी परीक्षाओं में नकल करने अथवा करवाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षाएं करवाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता एवं प्रतिबद्धता है। उन्होंने परीक्षार्थियों के अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को समझाएं कि परीक्षाओं में किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों का प्रयोग न करें। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी परीक्षाओं में व्यवधान उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज करवाया जाएगा।

# 2.75 किलो अफीम सहित युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। एएनसी स्टाफ की टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को 2 किलो 750 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया गया है। मामले की गहनता से जांच जारी है। एएनसी स्टाफ के प्रभारी पीएसआई मनोज कुमार के नेतृत्व में टीम रोहतक-बहादुरगढ़ फ्लाईओवर के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान शक के आधार पर एक युवक को



काबू किया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 2 किलो 750 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी की पहचान राजमल पुत्र मांगेलाल निवासी लाखो खेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना सांपला में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है।

# वर्क फ्रॉम होम के नाम पर 1.90 लाख की ठगी, दो धरे

**रोहतक।** पुलिस ने वर्क फ्रॉम होम के नाम पर 1 लाख 90 हजार रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया है। मामले की गहनता से जांच जारी है। खेड़ी साध निवासी अन्नु की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। शिकायत के अनुसार 9 जुलाई 2025 को अन्नु के मोबाइल पर वर्क फ्रॉम होम का एक मैसेज आया। सहमति देने पर उसे रेस्टोरेंट के लिंक पर रिव्यू देने का काम दिया गया। शुरुआत में टेलीग्राम के माध्यम से टास्क भेजे गए। टास्क पूरा करने पर पहले 180 रुपये और फिर 200 रुपये भेजे गए, जिससे भरोसा बन गया। इसके बाद अन्नु ने अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए 1000 और 2000 रुपये भेजे। टास्क पूरा करने पर 3900 रुपये वापस भी मिले। बाद उसने करीब 90 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब अन्नु ने पैसे निकालने की कोशिश की तो उसे बताया गया कि वॉलेट फ्रीज हो गया बाद में आरोपियों ने 1.60 लाख रुपये और जमा कराने की मांग की, तब अन्नु को ठगी का एहसास हुआ। जांच के दौरान आरोपी बलजीत और संदीप दोनों निवासी उत्तराखंड, को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

**पेंशन तो आ गई, लेकिन डर नहीं जा रहा, एडीसी के पीए से मिला दंपति**

**सीएम ने कहा था किसी की पेंशन नहीं कटेगी**

# इबकै पेंशन बंद करी तै बाहण-बेटियां के हाथ पै धरण नै अठन्नी भी कौन्या होगी म्हारे धोरै

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

प्रदेश सरकार ने पेंशन लोगों के खातों में डाल दी है, लेकिन उनका डर कम नहीं हो रहा है। मंगलवार को एक बुजुर्ग दंपति अपनी समस्या लेकर एडीसी ऑफिस पहुंचा और अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि इबकै पेंशन बंद करी तै बाहण-बेटियां के हाथ पै धरण नै अठन्नी भी कौन्या होगी म्हारे धोरै। हालांकि सीएम नायब सिंह सैनी कह चुके हैं कि किसी की भी पेंशन नहीं काटी जाएगी। लेकिन लोगों को आशंका है कि कहीं सरकार फिर से पेंशन बंद न कर दे। मंगलवार को गांव लाढौत गांव के सुक्रमपाल (74 साल) और उसकी पत्नी शुकंतला (71 वर्ष) जिला विकास भवन स्थित एडीसी कार्यालय पहुंचे और उनके निजी सहायक सतबीर फोगाट को व्यथा सुनाई। सुक्रमपाल ने बताया कि उनकी छह विवाहित बहन और दो बेटियां हैं। हम दोनों को हर महीने छह हजार



रुपये पेंशन के रूप में मिलते हैं। इस पैसे से घर का खर्च चलता है। अगर कुछ रुपये बचते हैं तो वे बहन-बेटियों के हाथ पर शुगन के तौर पर रख देते हैं। पिछले दिनों सरकार ने अपात्र घोषित करके हमारी पेंशन बंद कर दी। दोबारा चालू कराने के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी और एडीसी कार्यालय के बीच कई दिन तक चक्कर काटे। वार्षिक आय तीन लाख से अधिक हो गई है। इसलिए पेंशन बंद की गई है। हम थक हारकर हम घर बैठ गए थे। लेकिन बाद में सरकार ने पेंशन देने के आदेश जारी कर दिया तो खाते में तीन-तीन हजार पिछले दिनों जमा हो गए।

**यह वजह थी पेंशन बंद की:** सुक्रमपाल दंपति की पेंशन बंद होने का कारण उनके खाते में तीन लाख रुपये से अधिक का लेनदेन होना था। इन्होंने कहा कि बेटा खेती करता है तो फसल बिक्री के पैसे बैंक खाते में आते हैं। यह पैसा एक बार खाते में आता जरूर दिखाई देता है। लेकिन अगली फसल तैयार करने के लिए यही पैसा खर्च करना पड़ता है। फसल की बिक्री छह महीने में एक बार होती है। बिक्री भी तभी होती है,जब फसल पर कोई प्राकृतिक आपदा न आए। अगर आपदा आ जाती है तो फिर आढ़ती के सामने पैसों के लिए हाथ पसारने पड़ते हैं। इसलिए सरकार ने म्हारी ही नहीं सभी किसानों की पेंशन बंद नहीं करनी चाहिए। सुक्रमपाल ने कहा कि हमारी पेंशन ही हमारे परिवार की आर्थिक सहारा है।

**इनकम को ऐसे ठीक कराएं:** परिवार पहचान पत्र में आय गलत या ज्यादा दर्ज होने पर, आप इसे ऑनलाइन भी ठीक करा सकते हैं। इसके अलावा अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में आवेदन देकर आय को ठीक कराया जा सकता है। आय जांचने के लिए सरकार का एक कर्मी आपके घर जाएगा। प्रॉपर्टी का आंकलन परिवार के मुखिया के फोटो के साथ सरकार के पोर्टल पर अपलोड कर देगा। चंडीगढ़ में बैठे अधिकारी/ कर्मचारी आपकी आय को पोर्टल से ही डाटा जुटाकर इन्कम को ठीक कर देंगे।

**हर महीने की दस तारीख तक पेंशन मिलेगी :** पेंशन बंद करने को लेकर जब राजनीतिक उबाल आया तो सरकार ने वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के नियमों में बड़ा बदलाव करते हुए अब हर महीने की 10 तारीख तक पेंशन सीधे बैंक खातों में जारी करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय 70,000 से अधिक बुजुर्गों की रुकी हुई पेंशन को बहाल करने के साथ लिया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा था किसी की पेंशन काटी नहीं जाएगी।



## जलभराव से निपटने औरं वर्षा जल निकासी पर हुई समीक्षा बैठक

# बरसाती जल निकासी का उपायुक्त ने जाना अपडेट

ड्रेनों, पंपिंग क्षमता मशीनरी की तैनाती, विद्युत उपलब्धता की हुई विस्तार से समीक्षा



रोहतक। जिला स्तरीय व्यापक समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने एवं वर्षा जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जिला स्तरीय व्यापक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सभी ड्रेनों, पंपिंग क्षमता, मशीनरी की तैनाती, विद्युत उपलब्धता तथा कार्यों की समयसीमा की विस्तार से समीक्षा की गई।सचिन गुप्ता ने विशेष रूप से उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए, जहां पूर्व में भारी वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या सामने आई थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि जमीनी स्तर पर ठोस तैयारियां सुनिश्चित की जाएं।

### जलभराव संभावित स्थलों की हो मैपिंग

बैठक में डीसी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे पूर्व मानसून अनुभव के आधार पर गांव एवं क्षेत्रवार जलभराव संभावित स्थलों की मैपिंग की जाये। चिन्हित स्थानों पर मानसून से पूर्व पंपिंग व्यवस्थाएं स्थापित की जाये। नीचले स्थानों की बस्तियों, सडक़ क्रॉसिंग, कृषि क्षेत्रों एवं आंतरिक निकासी बिंदुओं की माइक्रो-मैपिंग पूर्ण की जाये। उन्होंने यह भी कहा कि जलभराव रोकथाम की रणनीति अपनाकर समय पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। गुप्ता ने निर्देश दिये कि सभी ड्रेनों, पुलियों एवं तटबंधों का अनिवार्य भौतिक निरीक्षण किया जाए। सिल्ट, झाड़-झंखाड़ एवं अवरोधों को हटाकर जल प्रवाह सुचारू किया जाए। कमजोर हिस्सों एवं तटबंधों की मरम्मत शीघ्र की जाए। मुख्य ड्रेनों से जुड़े आवासीय क्षेत्रों की आंतरिक नालियों की सफाई समय पर पूर्ण की जाए।

### 5 मार्च तक जारी हों ड्रेनेज संबंधी टेंडर

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी ड्रेनेज संबंधी टेंडर 5 मार्च तक जारी किए जाएं। कार्यों का आवंटन 31 मार्च 2026 तक पूर्ण किया जाए। प्रगति की नियमित जिला स्तरीय समीक्षा की जाए। विलंब या लापरवाही की स्थिति में जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाए। उपायुक्त ने कहा कि अग्रिम तैयारी, समन्वित क्रियान्वयन एवं समयबद्ध कार्यवाही से ही यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि मानसून के दौरान नागरिकों को किसी अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग, पंचायती राज संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रगतिशील किसानों के केस स्टडी करेगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि जिला के प्रत्येक गांव में प्रगतिशील किसानों को ब्रांड एंबेसडर बनाया जाएगा, ताकि वे अन्य किसानों को आधुनिक एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों के लिए प्रेरित कर सकें। उपायुक्त आज लघु सचिवालय के सभागार में कृषि एवं कृषि से जुड़े अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। गुप्ता ने निर्देश दिए कि ऐसे प्रगतिशील किसानों को शीघ्र चिन्हित किया जाए, जो कृषि के साथ-साथ कृषि आधारित अन्य व्यवसायों में उल्लेखनीय कार्य करते हुए अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन किसानों को रोल मॉडल के रूप में प्रस्तुत कर अन्य किसानों को भी उनकी राह पर चलने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि वे अपनी आय में वृद्धि कर सकें।

### होंगे सम्मानित

डीसी ने ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि चिन्हित प्रगतिशील किसानों की केस स्टडी तैयार कर उसका विधिवत डॉक्यूमेंटेशन किया जाए। साथ ही इन किसानों के व्याख्यान गांवों में आयोजित करवाए जाएं और उन्हें सार्वजनिक रूप से सम्मानित भी किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने तथा कम लागत में अधिक आमदनी प्राप्त करने के लिए नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। डीसी ने कृषि भूमि की मिट्टी को क्षरण से बचाने और उसकी गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि की उत्पादक क्षमता बनाए रखने के लिए मृदा संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। किसानों को अपनी भूमि की मिट्टी एवं पानी की जांच करवाकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके खेतों के लिए कौन-सी फसल अधिक लाभकारी सिद्ध होगी।

### किसानों ने साझा किए विचार

बैठक में बागवानी विभाग की विभिन्न योजनाओं की भी समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। किसान राजकुमार, शुभम, जसवीर, अजय कुमार, जय किशन व राजेश ने भी अपने विचार साझा किए। बैठक में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला मत्स्य अधिकारी आशा हुड्डा अहलावत, उप कृषि निदेशक डॉ. सुरेंद्र सिंह मीटिंग में मौजूद रहे।

## संसद से एआई समिट तक कांग्रेस का रवैया दुर्भाग्यपूर्ण: नवीन ढुल

■ कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ गोहाना अड्डा चौक पर भाजपा ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


रोहतक। पुतला दहन कर प्रदर्शन करते भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यकर्ता।

स्थानीय गोहाना अड्डा चैक पर भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी की जनविरोधी एवं राष्ट्रविरोधी नीतियों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री संगीता सिंघला एवं वीना सिक्का ने की।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देश की जनता अब कांग्रेस का वास्तविक चरित्र भली-भांति समझ चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी को अपने पूर्वजों से जो विरासत में देश को कभी विकसित न होने देने की सोच मिली है, वही सोच आज देश के सामने परोसी जा रही है। उन्होंने कहा कि एआई समिट जैसे वैश्विक मंचों पर, जहां भारत तकनीकी प्रगति और नवाचार के क्षेत्र में विश्व नेतृत्व की ओर अग्रसर है, वहां भी कांग्रेस द्वारा देश की उपलब्धियों को कमतर आंकने की मानसिकता दिखाई देती है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

नवीन ढुल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए विकास, सुशासन और जनकल्याण के मार्ग पर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरे क्षेत्र में केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं और विपक्ष के दुष्प्रचार का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दें।

### ये रहे मौजूद

पूर्व महापौर मनमोहन गोयल, पूर्व विधायक सरिता नारायण, रमेश भाटिया, तारावती चाहर, कुलविंदर सिक्का, अमित बंसल, पंकज भारद्वाज, कविता इंदोरा, ललिता शर्मा, प्रिया कपूर, सुदेश पांचाल, , रेखा जैन, सुखदर्शन, उर्मिल राय, शिवकुमार, अंकित गर्ग, सुरेश किराड़, रानी किराड़, सन्नी तंवर, सतवीर राठी, मन्नू रंजन, इंदर मोहन, हर्षित मिगलानी, रिंकू कपूर, भूपेन्द्र ढुल, अमित माहला, सुनील राठौड़, धर्मबीर भगत एवं इंजीनियर अनुज शर्मा सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मॉडल टाउन में भव्य सुंदरकांड पाठ

**रोहतक।** राघवेंद्र संकल्प यात्रा के अंतर्गत सम्पूर्ण हरियाणा में आयोजित सुंदरकांड पाठ श्रृंखला के क्रम में मॉडल टाउन स्थित कम्युनिटी सेंटर में भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, गणमान्य नागरिकों और युवाओं ने भाग लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश जैन (एमडी, एलपीएस बोसार्ड) और रोहतक के पूर्व मेयर मनमोहन गोयल उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया और आयोजन को समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में प्रेरणादायक पहल बताया। सुंदरकांड का भावपूर्ण पाठ कथावाचक स्वामी शंकरानंद महाराज ने स्वामी राघवेंद्र भारती के सानिध्य में किया। राजेश जैन ने नशामुक्त भारत, स्वदेशी अपनाओ और गो संरक्षण जैसे विषयों पर जागरूकता का आह्वान किया। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान राजेश जैन एमडी, एलपीएस बोसार्ड,पूर्व मेयर मनमोहन गोयल,स्वामी राघवेंद्र भारती व कथावाचक स्वामी शंकरानंद महाराज आदि मौजूद रहे।

### मेडिएटर्स समझौते का प्रयास करें: डॉ. खान

**रोहतक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान ने मंगलवार को मेडिएटर्स के साथ बैठक की। डॉ. खान ने मेडिएटर्स को निर्देश दिए कि



वे अधिक से अधिक मामलों में आपसी सहमति से समझौते करवाने का प्रयास करें, क्योंकि इस अभियान की सफलता में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना दावा मामले, घरेलू हिंसा से संबंधित मामले, चेक बाउंस मामले, प्रॉपर्टी विवाद, आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विभाग से जुड़े मामले, वसूली मामले, भूमि अधिकरण से संबंधित मामले को आपसी समझौते के माध्यम से प्रभावी रूप से निपटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी के लिए सुलभ एवं त्वरित न्याय सुनिश्चित करना है। साथ ही समझौता सदन एवं वैकल्पिक विवाद निपटान तंत्र के माध्यम से आमजन तक न्यायिक सेवाएं पहुंचाकर भारतीय न्यायिक प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाना है।

## मनोरंजन



## भूत बंगला से सामने आया अक्षय का नया लुक...

**मुंबई।** अक्षय कुमार की आगामी फिल्म 'भूत बंगला' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के जरिए अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हिट जोड़ी 16 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। मंगलवार को मेकर्स ने फिल्म का एक नया मोशन पोस्टर जारी किया है। मेकर्स की ओर से जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर में अक्षय कुमार एक डरावने सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस सिंहासन पर डरावने भूतों के सिर बने हुए हैं, जो मुंह फैलाते नजर आ रहे हैं।आंखों पर काला चश्मा लगाए अक्षय अपने गले और हाथों में कई रुद्राक्ष और अन्य मालाएं पहने हुए हैं।

लाइफ Style



## तमन्ना
### खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड किया लॉन्च

एजेंसी ▶▶| मुंबई

तमन्ना भाटिया ने हाल ही में अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड 'तमन्ना फाइन जूलरी' लॉन्च किया है। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह ने कहा- अगर आप शार्क टैंक इंडिया में होतीं तो मैं अपने सारे निवेश आपके ब्रांड में लगा देती।'

बॉलीवुड में ऐसे सितारों की कोई कमी नहीं जो एक्टिंग के साथ-साथ अलग-अलग तरह के बिजनेस में भी अपनी पहचान बनाने में जुटे हुए हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया ने भी इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है, जिसमें उन्होंने 'तमन्ना फाइन जूलरी' नाम से अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड लॉन्च किया है। हाल ही में एक बातचीत में तमन्ना ने भारत में कई सेलिब्रिटी-आधारित ब्रांड की असफलता पर बात करते हुए कहा कि खुद को वैसी असफलता से बचाने के लिए अपने ब्रांड के साथ शुरू से अंत तक गहराई से जुड़ी रहने के लिए तैयार हैं। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह के पॉडकास्ट पर बातचीत करते हुए तमन्ना ने कहा, 'मैं खुद को एक सेलिब्रिटी के रूप में नहीं देखती जो ब्रांड बना रही है। मैं खुद को एक फाउंडर के रूप में देखती हूं, जो इस ब्रांड को खड़ा करने की कोशिश कर रही है। कोई भी सिर्फ मेरे चेहरे के लिए इस तरह के महंगे उत्पाद में पैसा नहीं लगाएगा। मैं प्रॉडक्ट के प्रति ईमानदार हूं और अगर मेरा मकसद सिर्फ पैसा कमाना होता तो मैं कोई और कैटिगरी चुन सकती था। मैं इसकी जगह कोई ऐसा प्रॉडक्ट बना सकती थी जो बहुत फेमस होता और लोगों को खूब बिकता।'

हॉलीवुड मसाला



## अभिनय की दुनिया से खास नाता

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर एक्टर रॉबर्ट कैराडाइन ने 71 वर्ष की आयु में अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। 'रिवेंज ऑफ द नड्‌र्स 'और 'लिजी मैकगायर' ने एक्टर को काफी पॉपुलर कर दिया था। रॉबर्ट अपने मानसिक स्वास्थ से काफी समय से जूझ रहे थे। रॉबर्ट कैराडाइन घर के सबसे छोटे बेटे थे। उनके पिता जॉन कैराडाइन एक मशहूर अमेरिकी अभिनेता थे। एक्टर के परिवार के ज्यादातर सदस्य फिल्मी दुनिया का हिस्सा रहे हैं। 1972 में जॉन वेन के साथ फिल्म 'द काउबॉयज' के साथ अपने अभिनय की शुरुआत की थी।



## इंडिया में परफॉर्म करने के लिए तैयार शकीरा...

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार शकीरा इस साल भारत में फिर से एक बार शानदार परफॉरमेंस देने वाली हैं। इस बात की पुष्टि होने के बाद उनके फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। उन्होंने पिछली बार 2007 में इंडिया में परफॉर्म किया था। अब 19 साल बाद फिर से शकीरा अपना जलवा बिखेरने इंडिया आ रही हैं। लैटिन पॉप की ग्लोबल स्टार शकीरा इस अप्रैल भारत में लगभग 19 साल बाद धमाकेदार वापसी करने जा रही हैं। दिल्ली और मुंबई में शकीरा का कॉन्सर्ट होने वाला है। 2007 में अपने 'ऑरल फिक्सेशन टूर' के दौरान मुंबई में यादगार शो करने के बाद यह उनका पहला बड़ा कॉन्सर्ट होगा। रिपोट्‌र्स के मुताबिक, उनका दिल्ली कॉन्सर्ट 15 अप्रैल 2026 को होने की संभावना है, हालांकि आयोजक जल्द ही इसकी आधिकारिक तारीख की घोषणा करेंगे।



## ईशा की इश्कां दे लेखे का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** भारतीय एक्ट्रेस , मॉडल, डांसर, लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बिग बॉस 17 फेम ईशा मालवीय की पहली फिल्म 'इश्कां दे लेखे' का ऑफिशियल ट्रेलर सोमवार को रिलीज कर दिया गया। एक्ट्रेस रोमांटिक पंजाबी फिल्म से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। चैनल ने मूवी का ट्रेलर रिलीज करते हुए डिसक्रिप्शन में लिखा, 'एक बार फिर प्यार में पड़ने के लिए तैयार हो जाइए! स्पीड रिकॉड्‌र्स प्रस्तुत करता है 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित पंजाबी प्रेम कहानी 'इश्कां दे लेखे' का ट्रेलर। शानदार गुरनाम भुल्लर और खूबसूरत ईशा मालवीय अभिनीत यह पंजाबी फिल्म उन सभी लोगों के लिए बनाई गई है, जिन्होंने कभी दिल से प्यार किया है।' मनवीर बरार की निर्देशित, 'इश्कां दे लेखे' बड़े पर्दे पर पंजाबी रोमांस को एक नई परिभाषा देने के लिए तैयार है।



## राजामौली-महेश में हुआ झगड़ा...

**मुंबई।** रामगोपाल वर्मा ने अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर एक वीडियो मंगलवार को पोस्ट किया। इस वीडियो में बाहुबली फेम डायरेक्टर एसएस राजामौली और साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू जमकर लड़ रहे हैं। एक-दूसरे को पटपटकर मार रहे हैं। आखिर दोनों ऐसा क्यों कर रहे हैं। और इस बात को लेकर क्यों रामगोपाल वर्मा कह रहे हैं कि सिनेमा मर चुका है। दरअसल यह वीडियो किसी ने एआई से बनाया है। यह वीडियो बिल्कुल रियल और मजेदार लग रहा है। लेकिन एक निर्देशक होने के नाते रामगोपाल वर्मा को यह बात पसंद नहीं आई है। सिनेमा में एआई के ऐसे दखल से वह शायद नाराज हैं, इस वजह से उन्होंने पोस्ट में लिखा- सिनेमा मर चुका है। रामगोपाल वर्मा से पहले कई डायरेक्टर्स ने सिनेमा में एआई के इस्तेमाल पर सवाल किए।

**खबर संक्षेप**

### 'आउटकम बेस्ड एजुकेशन व प्रत्यक्ष कर' पर व्याख्यान

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के तत्वावधान में संचालित फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत आज विविध शैक्षणिक सत्रों में विशेषज्ञों ने आउटकम बेस्ड एजुकेशन, प्रत्यक्ष कर प्रणाली और भारतीय ज्ञान परंपरा बारे व्याख्यान दिए। एमएमटीसीसी निदेशक प्रो. मुनीष गर्ग ने बताया कि प्रातः सत्र में डॉ. संदीप ग्रोवर, पूर्व प्रोफेसर, जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आउटकम बेस्ड एजुकेशन तथा सतत विकास लक्ष्यों पर व्याख्यान दिया। उन्होंने परिणाम-केंद्रित एवं विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण पद्धति, सीओ-पीओ मैपिंग, ब्लूम्स टैक्सोनॉमी आधारित मूल्यांकन तथा हरित परिसर जैसी पहलों पर विशेष जोर दिया। सायंकालीन सत्र में प्रो. (डॉ.) सुनील कुमार, डीन, प्रबंधन संकाय, साउथ एशियन यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली ने भारत की प्रत्यक्ष कर प्रणाली पर व्याख्यान देते हुए आईटीआर, टीडीएस, फॉर्म 16/26 एएस तथा नई-पुरानी कर व्यवस्था की उपयोगी जानकारी साझा की।

### छात्राओं को विज्ञान और आध्यात्म से अवगत कराया

**रोहतक।** मंगलवार को महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय रोहतक में हर्टफुलनेस संस्था द्वारा महाविद्यालय के साथ हुए एमओयू के तहत ' विज्ञान और आध्यात्म" पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया । व्याख्यान के मुख्य वक्ता सेवा निवृत बीईओ. फूल सिंह ढाका, रहे। उन्होंने बताया कि विज्ञान और आध्यात्मिकता का गहरा संबंध है। ये दोनों विरोधी धारणाएं नहीं एक दूसरे के पूरक हैं । हर्टफ़ुलनेस संस्था से ब्रिगेडियर महासिंह हुडा ने भी कार्यक्रम में शिरकत की । प्राचार्य डॉ. रश्मि लोहचब ने मेहमानों का कार्यक्रम में पहुंचने पर आभार जताया।

# सर्कल कबड्डी से भक्ति संध्या तक आस्था से सराबोर रहा बाबा मस्तनाथ का मेला

## बाबा मस्तनाथ मठ में श्रद्धा और खेल का संगम, सर्कल कबड्डी बनी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक









सिद्ध शिरोमणि बाबा मस्तनाथ की पुण्य स्मृति में अस्थल बोहर स्थित बाबा मस्तनाथ मठ में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक मेले के दूसरे दिन श्रद्धा, उत्साह और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला। अष्टमी के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें बाबा मस्तनाथ की समाधि तक लगी रहीं। हरियाणा ही नहीं, आसपास के राज्यों से पहुंचे भक्तों ने मत्था टेककर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मेले के दूसरे दिन आकर्षण का केंद्र पहली बार आयोजित सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता रही। ग्रामीण खेल परंपरा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में आठ टीमों ने भाग लिया। मुकाबले बेहद रोमांचक रहे और अंतिम क्षण तक दर्शकों की सांसें थमी रहीं।

- बाबा मस्तनाथ की समाधि तक लगी रहीं श्रद्धालुओं की लंबी कतारें

प्रतियोगिता में बहुअकबरपुर की टीम ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि गढ़ी खेड़ी की टीम उपविजेता रही। विजेता टीम को एक लाख रुपये और उपविजेता को 71 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। सर्वश्रेष्ठ रेडर का खिताब पंकज बेरी को और सर्वश्रेष्ठ कैचर का सम्मान अंकुर (बहू अकबरपुर) को 31-31 हजार रुपये की राशि के साथ दिया गया।

भारत की सर्वश्रेष्ठ कैचर के रूप में पहचान रखने वाली शीलू बलहारा को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। प्रतियोगिता को देखने के लिए मैदान में बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी मौजूद रहे। सायंकाल आयोजित भक्तिसंध्या में भजन-कीर्तन का क्रम देर रात तक चलता रहा। सजे-धजे मठ परिसर में श्रद्धालु बाबा की महिमा का गुणगान करते नजर आए। देशी घी की जोत जलाकर परिवार की खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना की गई।

### दुकानों पर दिखी रौनक

मेले में लगी दुकानों पर भी खूब रौनक रही। पारंपरिक वस्त्र, धार्मिक सामग्री, प्रसाद, खिलौने, आभूषण और सजावटी सामान की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ती रही। ग्रामीण परिवेश और धार्मिक वातावरण ने मेले को विशेष स्वरूप दिया। दूसरे दिन मामन सिंह पूर्व विधायक तिजारा, सतपाल सिंह तोमर पूर्व राज्यसभा सांसद बागपत, हंसराज अहीर पूर्व ग्रह राज्यमंत्री एवं एनसीबीसी चेयरमैन, सुभाष मील विधायक खंडेला राजस्थान, राजू दास महाराज हनुमानगढ़ी अयोध्या, चिंताई नाथ महाराज कोथ काला पीर एवं महामंत्री नाथ समाज सहित राजस्थान, उत्तर प्रदेश और हरियाणा सहित कई और अन्य जनप्रतिनिधि भी मठ पहुंचे। सभी ने बाबा मस्तनाथ की समाधि पर नमन कर आशीर्वाद लिया।

### आज होगा विशाल कुश्ती दंगल

मेले के अंतिम दिन विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। इसमें देशभर के नामी पहलवान भाग लेंगे। प्रथम पुरस्कार 1,51,000 रुपये, द्वितीय 1,00,000 रुपये, तृतीय 51,000 रुपये और चतुर्थ 31,000 रुपये रखा गया है। इसके अलावा प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिए जाएंगे। दंगल को लेकर खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह बना हुआ है। बाबा मस्तनाथ मठ की स्थापना आठवीं शताब्दी में परम सिद्ध शिरोमणि चौरंगीनाथ महाराज द्वारा की गई मानी जाती है। नाथ संप्रदाय का यह प्रमुख केंद्र लंबे समय से धर्म, संस्कृति और सामाजिक चेतना का आधार रहा है।

### बाबा बालकनाथ ने मस्तनाथ के स्वरूप दर्शन दिए

नाथ संप्रदाय की परंपरा के अनुसार मठ के महंत बालकनाथ योगी ने बाबा मस्तनाथ के स्वरूप में श्रद्धालुओं को दर्शन देकर आशीर्वाद प्रदान किया। उनके दर्शन के लिए भी दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मान्यता है कि अष्टमी और नवमी के दिन मठ में गुड़ और कंबल अर्पित करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी विश्वास के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुड़ और कंबल चढ़ाते नजर आए। पूजा-अर्चना से पूर्व संतों और महंतों ने बाबा की धूनी पर भस्म रमाकर विधि-विधान से अनुष्ठान संपन्न किया।



रोहतक। विभिन्न विकास कार्यों का औचक निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से जानकारी लेते अतिरिक्त उपायुक्त नरेन्द्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

# एडीसी ने गिरावड़ में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र कुमार ने आज गांव गिरावड़ का दौरा कर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के तहत करवाए गए विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, महम, उपमंडल अधिकारी (पंचायत) महम सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामवासी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिला परिषद द्वारा करवाए गए विकास कार्यों, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत बनाए गए एसएलडब्ल्यूएम शेड, मनरेगा एवं डी-प्लान योजना के तहत किए गए कार्यों तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्मित मकानों का निरीक्षण किया गया। मौके पर विकास कार्यों के सैंपल भी लिए गए, जिनकी गुणवत्ता की जांच प्रयोगशाला में करवाई जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने ग्रामवासियों से विकास कार्यों के संबंध में उनकी प्रतिक्रिया एवं सुझाव लिए तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ करवाए जाएं। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी भी कार्य में गुणवत्ता संबंधी कमी पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

- कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता का विशेष ध्यान देने के निर्देश

### ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर दिए समाधान के निर्देश

उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी समय गांवों में विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया जा सकता है, इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सरकार के नियमों का पालन सुनिश्चित करते हुए कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। दौरे के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं तथा कुछ समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने मनरेगा योजना के तहत कार्यरत मजदूरों की ई-केवाईसी शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सरपंचों को गांव में स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक करते हुए कहा कि मानसून से पूर्व सभी ड्रेनों की सफाई तथा तालाबों की खुदाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा लोगों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, जिला विकास योजना एवं सोलर योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने के संबंध में आवश्यक सुझाव भी दिए। अंत में ग्रामवासियों ने अतिरिक्त उपायुक्त का धन्यवाद किया।



## विज्ञान ज्योति पहल के तहत छात्राओं ने सीएमबीटी की विजिट की

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी में भारत सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की प्रतिष्ठित विज्ञान ज्योति पहल के अंतर्गत 50 वरिष्ठ माध्यमिक विज्ञान छात्राओं ने शैक्षणिक विजिट की। इस योजना का उद्देश्य मेधावी छात्राओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियंत्रण एवं गणित के क्षेत्र में उच्च अध्ययन और अनुसंधान हेतु प्रेरित करना तथा उन्नत वैज्ञानिक शिक्षा में लैंगिक असंतुलन दूर करना है। केंद्रीय विद्यालय संगठन, रोहतक की 27 तथा जवाहर नवोदय विद्यालय, रोहतक की 23 छात्राओं ने अपने अध्यापकों-डॉ. ओ. एस. शेखर सिंह, अनुपमा सेठ और लक्ष्मी राय के साथ केंद्र का भ्रमण किया। सीएमबीटी निदेशक डॉ हरि मोहन ने छात्राओं के इस दल का स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि युवावस्था में वैज्ञानिक जिज्ञासा को दिशा देना राष्ट्र के भविष्य को सशक्त बनाने की आधारशिला है। कोशिका संवर्धन प्रयोगशाला में डॉ. रश्मि भारद्वाज ने स्तनधारी कोशिकाओं के संवर्धन, संरक्षण और जैव चिकित्सा अनुसंधान में उनके अनुप्रयोगों को सरल शब्दों में समझाया। आनुवंशिकी एवं पर्यावरणीय महामारी विज्ञान प्रयोगशाला में डॉ. अनिल कुमार ने जीन संरचना, जीन अभिव्यक्ति अध्ययन तथा पर्यावरणीय जैव अनुश्रवण की मूल अवधारणाओं से छात्राओं को परिचित कराया और मानव स्वास्थ्य तथा पर्यावरण संरक्षण में इनके महत्व को रेखांकित किया।

## छात्राओं को साक्षात्कार से जुड़े बिंदुओं से अवगत करवाया



**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रोहतक में मंगलवार को प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता मनीषा सोनी, रीमा, सचिन काजल व चरणजीत सिंह,ओम स्टर्लिंग यूनिवर्सिटी हिसार से रहे। इन्होंने प्लेसमेंट व जॉब अवसर के बारे में व्याख्यान दिया। इन्होंने जॉब अवसर में साक्षात्कार से जुड़े विभिन्न बिंदुओं जैसे व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास व रिज्यूम राइटिंग इत्यादि बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इन्होंने बताया कि कैसे हम अपने आत्मविश्वास व कौशल का प्रयोग करके अपने लिए प्राइवेट सेक्टर में जाब अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इस व्याख्यान में लगभग 120 छात्राएं मौजूद रही। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य शमशेर सिंह हुड्डा व प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ. पुष्पदीप डागर व अन्य सदस्य सुरेंद्र, निर्मला सोनी, डॉ सविता, मंजू व डॉ. मुक्ता सोनी मौजूद रहे।

# योग सत्र में स्वयंसेवकों ने किया सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का अभ्यास

## बहुअकबरपुर में एनएसएस शिविर का तीसरा दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज की एनएसएस इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय एवं रात्रिकालीन विशेष शिविर के द्वितीय व तृतीय दिवस के कार्यक्रम ग्राम बहुअकबरपुर में संपन्न हुए।

यह शिविर महाविद्यालय के माननीय प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा अध्यक्षता तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. रजनी कुमारी एव डॉ. प्रवीण शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। द्वितीय दिवस की शुरुआत प्रातः प्रार्थना एवं एनएसएस गीत से हुई। इसके पश्चात ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

स्वयंसेवकों ने बाबा जीवन दास अखाड़े की सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। योग सत्र में स्वयंसेवकों ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम एवं विभिन्न योगासन किए। प्रो रविन्द्र सिंह ने "डिजिटल साक्षरता" विषय पर जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग, साइबर सुरक्षा एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। सायंकालीन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में श्री प्रवीण गोयल जी ने "प्लास्टिक मुक्त हरियाणा" विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजनी के द्वारा किया गया।

तृतीय दिवस के प्रातःकालीन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अनिल शर्मा ने विवेकानंद व युवा विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक विरासत और राष्ट्रीय एकता पर प्रकाश डाला । दिन के अंत में खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वयंसेवकों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर टीम भावना का परिचय दिया । कार्यक्रम का मंच संचालन एनएसएस स्वयंसेविका पलक एवं मुस्कान द्वारा के किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पंच ईश्वन्त, ईश्वर सिंह, विवेकानंद केंद्र, रोहतक से साहिल, कंचन व गरिमा तथा स्वयंसेवक लावण्या, मनीषा, गगन, सारिका, निकिता, राघव, अनमोल, कोमल, सपना, शिवम, निकिता, पलक, मुस्कान, नंदिनी, राखी एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### सरस्वती सिर्फ नदी नहीं हमारी संस्कृति

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में सरस्वती महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान द्वारा की गई। प्राचार्य ने सरस्वती नदी के महत्व पर व्याख्यान देते हुए कहा कि सरस्वती सिर्फ एक नदी नहीं है बल्कि ज्ञान और इश की देवी है हमारे संस्कृति का पालना है। इस अवसर पर क्विज तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम में 38 विद्यार्थियों ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष के छात्र तुषार प्रथम स्थान पर रहे तथा भाषण प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा दीपांशी उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ पहले पायदान पर रही। निर्णायक मंडल के सदस्यों डॉक्टर राजेश दहिया, डॉक्टर मनीष हुड्डा, डॉक्टर प्रवीण गोयल ने निष्पक्ष निर्णय देते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर धन सिंह तक्षक ने सभी का धन्यवाद किया तथा संस्कृति के प्रति संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया । सरस्वती महोत्सव के अन्य सदस्य डॉक्टर सीमा, डॉक्टर संतोष तथा डॉ दलेल ने भी विद्यार्थियों का उचित मार्गदर्शन किया और उज्जवल भविष्य की कामना की।



## पटियाला में हरियाणा के फाग नृत्य ने मचाई धूम

**रोहतक।** रंगारंग आर्ट एंड कल्चर एसोसिएशन हरियाणा एवं नॉर्थ जोन कल्चर सेंटर पटियाला के संयुक्त तत्वाधान में पटियाला पंजाब में सरस मेला शीश महल में हरियाणवी लोक नृत्य दीपक लोक, एवं फ़ाग नृत्य की प्रस्तुति दी। इस लोक नृत्य की नॉर्थ जोन कल्चरल सेंटर पटियाला के अतिरिक्त निदेशक रविंद्र शर्मा ने प्रशंसा की और कहा कि रंगारंग आर्ट एंड कल्चर संगठन के कलाकारों ने पटियाला के लोगों का दिल जीत लिया है। कार्यक्रम में एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र सिंह का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सिंह ने नॉर्थ जोन कल्चर सेंटर का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रदीप कुमार, मोहन सिंह, कार्तिक शर्मा,प्रशांत सागर,हिमांशु अहलावत, गौरव, महेंद्र सिंह, रमन, सपना, प्रेरणा, शिवानी, मुस्कान, रेनू आदि उपस्थित रही।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

जय श्री बाला जी महाराज
SHRI BALA JI INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCE
DR. S.K. SAINI Director
AUTHORIZED ADMISSION CENTRE OF SUGUNA SCHOOL OF NURSING BANGLORE
BHUVAN SCHOOL OF NURSING, DR. K.T.V. BANGLORE
पिछले 25 वर्षों से लगातार जनसेवा में कार्यरत संस्थान।
सीमित सीटें। पहले आयें- पहले पायें छात्रावास सुविधा उपलब्ध
DIPLOMA IN G.N.M. (MIF)
योग्यता :- 12th किसी भी विषय में) अवधि :- 3½ वर्ष
कुल सीटें :- 60 दाखिला फीस - 25000/year
परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
DIPLOMA IN PHARMACY
योग्यता:- 12th साईस अवधि:- 2 वर्ष सीटें :- 60
दाखिला फीस: 25000/- year परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
नियमित कक्षायें ऑनलाईन व ऑफलाईन दोनों मोड़ में।
5000 Rs मासिक फीस देकर निश्चित सफलता के साथ कोर्स पूरा करें। आज ही अपने प्रमाष-पत्रों के साथ आकर मिले।
DR. S.K. SAINI (Director)
9254233221
रोहतक:- 41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे
बहादुरगढ़ :- पिल्लर नं. 851 के सामने, पुराना बराही रोड पर।
सोनीपत :- HDF C बैंक के सामने, छोटू राम चौक।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज
फौजी भाईयों का इलाज ECHS
● हरियाणा सरकार
● आयुष्मान भारत
● ESIC
के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

**समस्या** शहर की गोशालाओं में 1500 से कम नंदी, सड़कों पर बन रहे हादसों का कारण

# आयोग दे रहा नंदी के लिए रोज 25 रुपये फिर भी गोशालाओं में सबसे कम संख्या

निगम कर्मचारी नहीं पकड़ पाते नंदी, गोशालाओं में रखना भी बना बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा में गोवंश संरक्षण को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत अब भी चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। हरियाणा गोसेवा आयोग द्वारा नंदी (बैल) के पालन-पोषण के लिए प्रतिदिन 25 रुपये की सहायता राशि दी जा रही है, इसके बावजूद गोशालाओं में नंदी की संख्या कम है और बड़ी तादाद में नंदी सड़कों पर घूमते नजर आ रहे हैं।

- सड़कों पर घूम रहे 3000 से अधिक नंदी



रोहतक। शहर की गोशाला का फाइल फोटो। फोटो : हरिभूमि

**सीएम नायब सिंह सैनी जल्द जारी करेंगे तीन माह की राशि का चेक:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जल्द ही गोशालाओं में अनुदान के लिए राशि का चैक जारी करेंगे। करीब छह माह से अनुदान नहीं मिला है। आयोग की रिपोर्ट के आधार पर तीन माह के लिए राशि तय की गई है। जिसे अब जारी किया जाएगा।

### गोशालाओं में स्थान की कमी

गोशाला संचालकों का कहना है कि 25 रुपये प्रतिदिन की सहायता राशि नंदी के चारे, दवाई और देखभाल के खर्च के मुकाबले बहुत कम है। एक नंदी पर प्रतिदिन 100 से 150 रुपये तक का खर्च आता है। ऐसे में सीमित संसाधनों में अधिक नंदी को रखना बड़ी चुनौती बन गया है। गोशालाओं में पहले से ही गायों की संख्या अधिक है। नंदी को अलग बाड़े में रखना पड़ता है, क्योंकि वे आपस में लड़ सकते हैं। इसलिए अतिरिक्त भूमि व संरचना की जरूरत होती है, जो हर गोशाला के पास नहीं है। शहर में नौ गोशालाएं हैं। एक पहरावर में नगर निगम की गोशाला है। जिसमें ढाई हजार से अधिक गाय हैं। शहर की बात करें तो यहां की गोशालाओं में 1500 से कम नंदी है। अनुमान है कि सड़कों पर 3000 से अधिक नंदी जाम और हादसों का कारण भी बन रहे हैं। सबसे ज्यादा नंदी, दिल्ली रोड, सोनीपत रोड, पानीपत रोड, सब्जी मंडी, अनाजमंडी, राजीव गांधी खेल परिसर, आईएमटी और गोशालाओं के आसपास घूम रहे हैं।

### नगर निगम के सामने चुनौती

नगर निगम के कर्मचारियों के लिए इन नंदियों को पकड़ना आसान नहीं है। नंदी को काबू में करना जोखिम भरा होता है, क्योंकि वे आक्रामक भी हो सकते हैं। कई बार पकड़ने की कोशिश में कर्मचारी घायल भी हो चुके हैं। पकड़े गए नंदी रखने के लिए पर्याप्त स्थान भी उपलब्ध नहीं है।

### ये भी एक विकल्प

गोरक्षकों का सुझाव है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खाली पड़ी पंचायत भूमि पर बड़े स्तर की नंदी शरणस्थली बनाई जाए। इससे शहरों में सड़कों पर घूम रहे नंदियों की संख्या कम की जा सकती है और हादसों पर भी अंकुश लगेगा।

गुणवत्ता में कमी के कारण निगम प्रशासन ने रुकवाया था काम, अब लोग परेशान

# सेक्टर-3 की सड़क अधूरी, चार महीने से बिखरी पड़ीं रोड़ियां

### लोग बोले, बरसात से पहले यदि सड़क नहीं बनी तो हालात और बिगड़ेंगे निगम जल्द काम पूरा करवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सेक्टर-3 में नगर निगम द्वारा शुरू किया गया सड़क निर्माण कार्य पिछले चार महीनों से अधूरा पड़ा है। ठेकेदार द्वारा रोडियों पर तारकोल (बिटुमेन) न डालने के कारण निगम आयुक्त के निर्देश पर काम रुकवाया गया था, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इतने लंबे समय के बाद भी दोबारा निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया।

अधूरी सड़क के कारण सेक्टरवासियों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार ने रोड़ियां तो बिछा दीं, लेकिन उन पर तारकोल नहीं डाला गया। गुणवत्ता में कमी को देखते हुए निगम प्रशासन ने कार्य रुकवा दिया था। उम्मीद थी कि कुछ ही दिनों में खामियों को दूर कर दोबारा काम शुरू कर दिया जाएगा, लेकिन चार महीने बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। कई बार नगर निगम अधिकारियों को शिकायत दी है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। लोगों का कहना है कि बरसात से पहले यदि सड़क का कार्य पूरा नहीं हुआ तो हालात और बिगड़ सकते हैं। सेक्टर-3 के निवासियों ने मांग की है कि नगर निगम जल्द से जल्द निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर सड़क को पक्का और सुरक्षित बनाए। साथ ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में दोबारा ऐसी स्थिति न बने।



### सड़क पर बिखरी रोड़ियां हादसे का बढ़ा खतरा

पूरी सड़क पर ढीली रोडियां बिखरी पड़ी हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह सड़क किसी जोखिम से कम नहीं है। कई वाहन चालक फिसल चुके हैं और चोटिल होने की घटनाएं भी सामने आई हैं। कार चालकों को भी वाहन संभालने में दिक्कत आ रही है। रात के समय स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है, क्योंकि ढीली रोडियों के कारण वाहन का संतुलन बिगड़ने का खतरा बना रहता है।

### खाली प्लॉट में पड़े तारकोल के ड्रम

सेक्टरवासियों का कहना है कि तारकोल के ड्रम पास के एक खाली प्लॉट में रखे हुए हैं, लेकिन निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं किया जा रहा। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। उनका आरोप है कि यदि सामग्री उपलब्ध है तो फिर काम में देरी क्यों हो रही है। सेक्टर-3 की यह सड़क केवल असुविधा ही नहीं, बल्कि संभावित हादसों का भी कारण बन रही है। अब देखना यह है कि नगर निगम कब तक इस समस्या का स्थायी समाधान करता है और सेक्टरवासियों को राहत मिलती है।

याद बहुत आते हैं वो दिन...

# धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखा चुनौतियों से लड़कर पाया मुकाम

*जय भगवान सिंगला ने बताया कि यदि माता-पिता बच्चों को अच्छे संस्कार दें और शिक्षा को जीवन का आधार बनाएं, तो सफलता निश्चित है। मेरे पिता का त्याग, उनका स्वयं का संघर्ष और बेटों की सफलता यह पूरी यात्रा इस बात का प्रमाण है कि सच्ची मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। उनकी कहानी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का दीपक है।*

मेहनत, त्याग और संस्कार इन तीन शब्दों में जय भगवान सिंगला के जीवन की पूरी कहानी समाई हुई है। एक साधारण परिवार में जन्मे सिंगला ने बचपन से ही संघर्ष को करीब से देखा। उनके पिता ने सीमित साधनों में भी बड़े सपने देखे और उन सपनों को साकार करने के लिए दिन-रात परिश्रम किया।



जय भगवान सिंगला

उन्होंने अपनी इच्छाओं का त्याग कर अपने बेटे की शिक्षा को प्राथमिकता दी। यही त्याग और समर्पण जय भगवान सिंगला के जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बना। पढ़ाई पूरी करने के बाद उनके जीवन में आसान रास्ते नहीं आए। अनेक चुनौतियां, असफलताएं और कठिन परिस्थितियाँ सामने थीं, लेकिन उन्होंने धैर्य और आत्मविश्वास का दामन नहीं छोड़ा।



### अनुशासन, जिम्मेदारी और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया

निरंतर प्रयासों और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्हें महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक (एमडीयू) में नौकरी प्राप्त हुई। यह केवल नौकरी नहीं, बल्कि उनके संघर्षों की पहली बड़ी जीत थी। उन्होंने पूरी ईमानदारी, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ वर्षों तक अपनी सेवाएं दीं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अनुशासन, जिम्मेदारी और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। सेवानिवृत्ति के समय वे सम्मान और संतोष के साथ विदा हुए। उनकी असली उपलब्धि केवल उनकी नौकरी नहीं, बल्कि उनके द्वारा संजोए गए पारिवारिक मूल्य हैं। उनके तीनों बेटों ने भी अपने दादा और पिता के आदर्शों को अपनाया। आज वे अपने-अपने क्षेत्र में सफल हैं। मेहनत और दूरदर्शिता से उन्होंने अपना स्कूल और मेडिकल स्टोर स्थापित किया, जो निरंतर प्रगति कर रहे हैं। परिवार में प्रेम, एकता और खुशहाली का वातावरण है।

### संतोष और अपार आनंद



अब परिवार, खासकर पौते-पौतियों की खिलखिलाहट से सुबह की शुरूआत होती है। बच्चों के साथ शाम की सैर और खेल-कूद में बिताया समय नई ऊर्जा देता है। अपने अनुभवों की कहानियां बच्चों को सुनाते हैं और संस्कारों की सीख भी देते हैं। परिवार का स्नेह और अपनापन सच्ची खुशी देता है। अब जीवन में सुकून, संतोष और अपार आनंद है। -रामनिवास मुदगिल

### खुद को जी रहा हूं



रोजाना मित्रों के साथ बैठकर ताश खेलना दिनचर्या का अहम हिस्सा है। हंसी-मजाक, हल्की नोकझोंक और पुरानी यादों के साथ समय कब बीत जाता है, पता नहीं चलता। ताश की बाजी सिर्फ खेल नहीं, बल्कि मेल-मिलाप और अपनत्व का माध्यम है। परिवार भी प्रसन्न रहता है। जिम्मेदारियों से थोड़ा मुक्त होकर हर पल का आनंद ले रहे हैंअब खुद को जी रहा हूं। -बिजेंद्र भारद्वाज

### मेलमिलाप से तरोताजा



सुबहें बड़ी ही खुशनुमा और ऊर्जा से भरी होती हैं। रोजाना पार्क में दोस्तों के साथ मिलते हैं, जहां हंसी-मजाक, हल्की-फुल्की बातचीत व सेहतमंद सैर के साथ अच्छा टाइमपास हो जाता है। यह मेल-मिलाप दिनभर के लिए तरोताजा कर देता है। पार्क से लौटने के बाद घर पर स्वादिष्ट चूरमा खाकर अलग ही आनंद आता है। -अजीत सिंह

# वैश्य कॉलेज के छात्रों ने पहरावर में निकाली पॉलिथीन के विरोध में रैली

***स्वयंसेवकों को गो माता की रक्षा एवं सेवा के लिए प्रेरित किया***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

एनएसएस सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन गो-सेवा, स्वच्छता जागरूकता और पॉलिथीन विरोधी रैली का आयोजन किया गया।

वैश्य महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन मंगलवार की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फूल सिंह यादव के संदेश के साथ हुई। स्वयंसेवकों ने पहरावर स्थित गोशाला में पहुंचकर गो-सेवा के बारे में जानकारी प्राप्त की। गोशाला के सचिव ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि किस प्रकार ग्रामीण नस्ल की गायों की निःस्वार्थ भाव से सेवा की जाती है तथा गो-सेवा के माध्यम से समाज और संस्कृति को सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को गो-माता की रक्षा एवं सेवा के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा गाव में पॉलिथीन के प्रयोग के विरुद्ध रैली निकाली। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. सविता रंगा द्वारा 'डिजिटल मार्केटिंग की भूमिका' विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। डॉ. सविता रंगा, डॉ. फूल सिंह, डॉ, विकास चाहर, डॉ. रविकांत तथा महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य इस मौके पर उपस्थित रहे।



रोहतक। स्वयंसेवकों को संबोधित करते पहरावर स्थित गोशाला सचिव।

# ठेकेदार के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर

**प्रेम नगर में पहुंचे एक्सईएन, एसडीओ और जेई : छह माह से नहीं मिल रहा स्वच्छ पेयजल, अब दूषित पानी भी बंद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- बोले, ठेकेदार के खिलाफ करेंगे कार्रवाई
- प्रेम नगर के लोगों ने की थी शिकायत

प्रेम नगर में पिछले छह माह से स्वच्छ पेयजल संकट से जूझ रहे लोगों की आवाज आखिरकार रंग लाई। स्थानीय निवासियों की शिकायतों और हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित खबर के बाद जन स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। विभाग के एक्सईएन, एसडीओ और जेई ने मंगलवार को प्रेम नगर क्षेत्र का दौरा किया और मौके पर हालात का जायजा लिया। अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी और सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पेयजल की समस्या का समाधान करवाया जाएगा।

प्रेम नगर के लोगों का आरोप है कि पिछले छह महीनों से क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही थी। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। हालात तब और बिगड़ गए जब बीते कुछ दिनों से दूषित पानी की आपूर्ति भी पूरी तरह बंद हो गई। इससे क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को मजबूरन निजी टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है।

मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने कहा कि प्रथम दृष्टया जांच में ठेकेदार की गंभीर लापरवाही सामने आई है। पाइपलाइन बिछाने और जलापूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त रखने में तय मानकों का पालन नहीं किया गया। कई जगहों पर पाइपलाइन लीकेज और अवरुद्ध पाई गई। एसडीओ ने बताया कि विभागीय रिपोर्ट तैयार की जा रही है और ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एफआईआर दर्ज कराते हुए ब्लैकलिस्ट करने की भी सिफारिश की जाएगी।

अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि अस्थायी रूप से टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति शुरू की जाएगी ताकि लोगों को राहत मिल सके। साथ ही, पूरी जल वितरण प्रणाली की तकनीकी जांच कराई जाएगी। जहां-जहां खामियां पाई जाएंगी, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सुधारा जाएगा।



रोहतक। अधिकारी मौके का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि इंपेक्ट

### नए सिरे से दिया जाएगा टेंडर

अधिकारियों ने यह भी कहा कि मौजूदा ठेका निरस्त कर नए सिरे से टेंडर जारी किया जाएगा। नई एजेंसी को पारदर्शी प्रक्रिया के तहत चयनित किया जाएगा और कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। एक्सईएन ने कहा कि जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रेम नगर के निवासियों ने विभागीय अधिकारियों की कार्रवाई का स्वागत किया, लेकिन साथ ही चेतावनी भी दी कि यदि जल्द स्थायी समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतें देने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई थी, अब जाकर सुध ली गई है।

# वैश्य महिला महाविद्यालय बना खो-खो का विजेता

**रोहतक।** वैश्य महिला महाविद्यालय में आयोजित की जा रही दो दिवसीय इंटर कॉलेज खो-खो चैंपियनशिप मंगलवार को संपन्न हो गई। इसमें वैश्य महिला महाविद्यालय रोहतक प्रथम, दूसरे स्थान पर टीकाराम कॉलेज सोनीपत और महारानी किशोरी कॉलेज रोहतक तीसरे और साक्षी मलिक गवर्नमेंट कॉलेज मोखरा चौथे पर रहा। प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रश्मि गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं तथा ये अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना को विकसित करते हैं। विजेताओं को पुरस्कार वैश्य महिला महाविद्यालय के कोऑर्डिनेटर प्रमोद बंसल ने दिए। प्रतियोगिता में डॉ. सुरजीत कौर विशेष रूप से उपस्थित रही। निर्णायक मंडल में मोनू दलाल, वीरेंद्र सोनू बूरा, मौसम तथा जसवंत हुड्डा शामिल रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# 50 हजार की ठगी का मामला सुलझा, आरोपी गिरफ्तार

***होटल मैनेजर को मालिक का भतीजा बनकर लगाया था चूना***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस ने 50 हजार रुपये की ठगी के मामले का खुलासा करते हुए गिरोह में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया है और मामले की गहनता से जांच जारी है।

थाना पुरानी सब्जी मंडी के प्रभारी उप निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि रोहतक निवासी धर्मबीर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। धर्मबीर एक होटल में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। 31 अक्टूबर 2025 को उसे होटल मालिक सोमनाथ के मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई।

कॉल करने वाले युवक ने खुद को सोमनाथ का भतीजा बताते हुए कहा कि वह अस्पताल में भर्ती है और उसे पैसों की सख्त जरूरत है। युवक ने धर्मबीर को एक क्यूआर कोड भेजा।

भरोसे में आकर धर्मबीर ने अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 50 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में बातचीत के दौरान उसे शक हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है, जिसके बाद उसने पुलिस में शिकायत दी।



रोहतक। आरोपित पुलिस की गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

### करनाल जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाया गया आरोपी

मामले की जांच मुख्य सिपाही अश्वनी द्वारा की गई। जांच के दौरान 23 फरवरी को आरोपी अंशु पुत्र उमाशंकर निवासी उत्तर प्रदेश को करनाल जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ करनाल के थाना साइबर में भी धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मामला दर्ज है, जिसमें वह पहले से जेल में बंद था। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर अन्य वारदातों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

# अवैध हथियार सहित युवक को दबोचा

***एएनसी स्टाफ की कार्रवाई, देसी पिस्तौल व एक रौंद बरामद***

**रोहतक।** पुलिस की एएनसी स्टाफ टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा रौंद बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया है। मामले की गहनता से जांच जारी है। एएनसी स्टाफ के प्रभारी पीएसआई मनोज कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही प्रदीप के नेतृत्व में टीम आउटर रोहतक-जींद बाईपास पर गोहाना रोड के पास गश्त पर थी। मकड़ौली की ओर से आ रहे एक युवक को शक के आधार पर रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध देसी पिस्तौल और एक रौंद बरामद हुआ। युवक की पहचान रविन्द्र उर्फ काला पुत्र कृष्ण निवासी मकड़ौली कलां के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना सदर में शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तारी की गई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी हथियार कहां से लेकर आया और इसका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था।

**सुकर्मा जग्गा बनीं 'स्वच्छता चैंपियन', जागरूकता अभियान को देंगी नई धार**

# 23,500 रुपये के चालान, स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर निगम सख्त

**टीम ने माल गोदाम रोड, बाबरा बाजार और पुरानी सब्जी मंडी सहित विभिन्न बाजार में औचक जांच की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

स्वच्छ सर्वेक्षण-2025-26 को लेकर नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए शहर में विशेष अभियान चलाया। निगम आयुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि शहर में गंदगी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान सुनिश्चित किए जाएं। निरीक्षण अभियान के दौरान निगम टीम ने माल गोदाम रोड, बाबरा बाजार और पुरानी सब्जी मंडी सहित विभिन्न बाजार क्षेत्रों में औचक जांच की। इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वाले 5 दुकानदारों के 22,000 रुपये के चालान किए गए, जबकि गंदगी फैलाने पर 2 लोगों के 1,500 रुपये के चालान काटे गए। कुल मिलाकर 23,500 रुपये की कार्रवाई की गई। टीम ने दुकानदारों, रेहड़ी-फड़ी संचालकों और आमजन को प्रतिबंधित प्लास्टिक के नियमों की जानकारी दी। साथ ही गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित करने तथा कचरे को निर्धारित डस्टबिन में ही डालने की अपील की गई।





रोहतक। दुकारदार को चालान काटते नगर निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

### स्वच्छ और सुंदर शहर का संकल्प

नगर निगम का लक्ष्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाना है। स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के लिए निगम लगातार निरीक्षण, जागरूकता और कार्रवाई तीनों स्तर पर कार्य कर रहा है। निगम प्रशासन ने साफ कर दिया है कि स्वच्छता में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कदम उठाए जाएंगे, जबकि जागरूक नागरिकों और सामाजिक सहयोग से शहर को स्वच्छता में अग्रणी बनाने का प्रयास जारी रहेगा।

### सुकर्मा जग्गा को मिली नई जिम्मेदारी

स्वच्छता जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए सुकर्मा जग्गा को 'स्वच्छता चैंपियन' के रूप में नगर निगम से जोड़ा गया है। आयुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि सुकर्मा समय-समय पर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करती रही हैं और पूर्व में भी इस विषय पर वीडियो बनाकर संदेश दे चुकी हैं। मौके पर सुकर्मा जग्गा ने निगम के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वह वीडियो और सोशल मीडिया माध्यमों से कचरा पृथक्करण, कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त अभियान और आरआरआर जैसे विषयों पर लोगों को जागरूक करेंगी।